खबर संक्षेप

ग्राम पंचायत बेरमा में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शिविर आयोजित




मैहर। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत मैहर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बेरमा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में शिविर आयोजित किया गया। शिविर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी,पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में आयोजित हुआ। शिविर में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए।

मझगवां के किसानों को नहीं मिल रही डीएपी खाद



सतना। किसान दुकान के चक्कर काटने को मजबूर हैं। दुकानदार ब्लैक में बेच रहे हैं। 2000रुपए प्रति बोरी डीएपी की खाद् किसान मजबूरन ब्लैक में ले रहा हैं। खाद जिम्मेदार अमला कालाबाजारी में रोक लगाने के जगह कंबल ओढ़ कर घी पी रहे हैं।

मैहर में 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान को लेकर कार्यकर्ता बैठक



मैहर। जिला/ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैहर द्वारा 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के तहत कार्यकर्ता बैठक एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभियान प्रभारी एवं विधायक अमित सुभाष राव झनक मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अभियान के उद्देश्य एवं संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई,लखन गंगोरिया,डॉक्टर राजेंद्र कुमार सिंह,रश्मि सिंह,अमरपाटन प्रभारी शुक्ला जी, दीपा मिश्रा,ब्लॉक अध्यक्ष रमेश प्रजापति,अरुण तन्य मिश्रा सहित काफी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता रहेगी।

श्री जलाराम महिला मंडल का शरद पूर्णिमा उत्सव आज

सतना। श्री जलाराम महिला मंडल द्वारा शरद पूर्णिमा उत्सव आज,रविवार 25अक्टूबर को रात्रि 9 बजे से 12 बजे तक पुजारी गार्डन,भरहुत नगर में मनाया जाएगा। उत्सव में श्रीकृष्ण भगवान की रासलीला पर आधारित गरबा,भजन एवं डांडिया का आयोजन होगा। मंडल के सभी परिवार घरों से खीर बनाकर लाएंगे,जिसे मिलाकर महाप्रसाद तैयार किया जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों से अमृत बरसता है। इसी आस्था के साथ श्रद्धालु खीर रूपी महाप्रसाद ग्रहण करेंगे।



करोड़ों के खाद घोटालेबाज समिति प्रबंधक के घर ईओडब्ल्यू का छापा

आय से 426 फीसदी अधिक संपत्ति का खुलासा



सतना।आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ रीवा ने सेवा सहकारी समिति अमकुई जिला सतना के तत्कालीन प्रभारी समिति प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह बघेल के खिलाफ दोहरा कड़ा शिकंजा कसा है। ईओडब्ल्यू ने आय से अधिक संपत्ति और किसानों के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी व खाद कालाबाजारी के मामले में दो अलग-अलग एफ आई आर दर्ज कर आरोपी के नागौद स्थित मकान पर छापेमार कार्रवाई की है। वैध आय से 426 फीसदी अधिक संपत्ति वर्ष 2006 में विक्रेता के रूप में भर्ती हुए बघेल वर्ष 2020 में प्रभारी प्रबंधक बने। जनवरी 2007 से सितंबर 2025 तक उनकी कुल वैध आय 17.51 लाख पाई गई। इसके विपरीत शुरुआती जांच और छापेमारी में ईओडब्ल्यू को 92.16 लाख से अधिक की संपत्ति व व्यय का पता चला,जो उनकी वैध आय से 426 प्रतिशत अधिक है। छापे में नागौद में 2,200 वर्गफिट का आलीशान मकान,22.50 लाख की जमीन के दस्तावेज और 11.97 लाख से अधिक के सोने के आभूषण। हुंडई क्रेटा,विटारा ब्रेजा,महिंद्रा ट्रैक्टर,बुलेट व पैशन प्रो जैसे वाहन और पुत्र की दिल्ली में पढ़ाई पर लाखों का खर्च। 6 बैंक खाते व 6 बीमा पॉलिसियां,जांच में खाद वितरण में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा सामने आया। शासन द्वारा निर्धारित 593 प्रति क्विंटल के बजाय किसानों से 600 प्रति क्विंटल वसूल कर अनुचित लाभ कमाया गया।पीओएस मशीन में 194 में से 122 फर्जी किसानों के नाम दर्ज कर खाद की काला बाजारी की गई। इसके अलावा असली किसानों के परमिट और रसीद की कार्बन प्रतियों में काट-छांट कर 10 से 20 बोरी अतिरिक्त खाद दर्ज कर फर्जी स्टॉक रजिस्टर तैयार किया गया। ईओडब्ल्यू ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता की संगीन धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है।



जिला चिकित्सालय में दलालों का बोलबाला

शासकीय अस्पतालों से मरीजों को निजी नर्सिंग होम भेजने का खेल उजागर



सतना। सरदार वल्लभभाई पटेल जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए शासकीय स्तर पर तमाम व्यवस्थाएं तो की गई हैं,लेकिन अस्पताल परिसर में सक्रिय दलालों का नेटवर्क इन व्यवस्थाओं को लगातार पलीता लगा रहा है। गरीब और असहाय मरीजों को गुमराह कर उन्हें निजी नर्सिंग होम और प्राइवेट अस्पतालों में धकेलने का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है,जिससे मरीज आर्थिक और मानसिक शोषण का शिकार हो रहे हैं।

दलालों और निजी अस्पतालों का गठजोड़

जिला चिकित्सालय परिसर में दलालों का जाल इस कदर फैला हुआ है कि वे मरीजों को उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर प्राइवेट एम्बुलेंस के जरिए सीधे निजी नर्सिंग होम तक पहुंचा देते हैं। कई मामलों में मरीजों के आयुष्मान कार्ड का गलत लाभ उठाने के लिए भी उन्हें निजी अस्पतालों का रुख कराया जाता है। हैरान करने वाली बात यह है कि इस तंत्र में जिला अस्पताल के भीतर ही आशा कार्यकर्ताओं का एक ऐसा नेटवर्क सक्रिय है,जो दलालों के रूप में काम करता है।पूर्व में भी लगभग 22 कथित दलाल आशाओं के नाम सामने आ चुके हैं। इसके अलावा,कई शासकीय चिकित्सक खुद अपने निजी नर्सिंग होम संचालित कर रहे हैं, जिससे मरीजों को सरकारी उपचार से वंचित कर बाहर का रास्ता दिखाया जाता है। अस्पताल के आसपास कुछ निजी नर्सिंग होम संचालकों और डॉक्टरों की संलिप्तता से यह पूरा अवैध सिस्टम संचालित हो रहा है।

सीएमएचओ की सख्त अपील और चेतावनी

बढ़ते मामलों को देखते हुए सतना और मैहर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज शुक्ला ने जनता के लिए एक चेतावनी भरी अपील जारी की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि शासकीय अस्पतालों से उच्च स्तरीय उपचार के लिए रेफर किए जाने वाले मरीज और उनके परिजन निजी एंबुलेंस चालकों के बहकावे में बिल्कुल न आएं। डॉ.शुक्ला ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे किसी भी अनधिकृत व्यक्ति के सुझाव पर चलने के बजाय केवल संबंधित शासकीय चिकित्सक के परामर्श के अनुसार ही मेडिकल कॉलेज या निर्धारित शासकीय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में उपचार कराएं।

नागरिकों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश

रेफरल के दौरान मरीज संबंधित डॉक्टर से गंतव्य अस्पताल का पूरा नाम,पता और सभी आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। अस्पताल के इर्द-गिर्द घूमने वाले बिचौलियों या निजी एंबुलेंस चालकों के बहकावे में न आएं,इससे अनावश्यक आर्थिक बोझ और इलाज में देरी का खतरा रहता है। सरकार की प्राथमिकता मरीज को उसकी आवश्यकतानुसार उचित उच्च संस्थान तक निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। किसी भी संशय की स्थिति में तुरंत अस्पताल प्रबंधन से संपर्क करें।

सतना-देवेन्द्र नगर एवं रीवा-चुरहट रेल लाइन का उद्घाटन, नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी



नागौद एवं चुरहट रेलवे स्टेशन पर आयोजित हुए कार्यक्रम,मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्चुअली किया संबोधन



सतना। सतना-देवेन्द्र नगर एवं रीवा-चुरहट रेल लाइन के उद्घाटन तथा देवेन्द्र नगर-चुरहट ट्रेन सेवा के शुभारंभ का कार्यक्रम शनिवार को नागौद एवं चुरहट रेलवे स्टेशन पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान रेल लाइन का उद्घाटन किया गया तथा नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं केंद्रीय रेल,सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्चुअली संबोधित किया।इस अवसर पर रेल कनेक्टिविटी के विस्तार और नई ट्रेन सेवा के शुभारंभ को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया। नागौद एवं चुरहट में आयोजित कार्यक्रमों में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल,नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,सतना सांसद गणेश सिंह,रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा,खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा,सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा तथा नागौद विधायक नागेन्द्र सिंह सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी गरिमामय रूप से उपस्थित रहे। नई रेल लाइन एवं ट्रेन सेवा के शुभारंभ से क्षेत्र में रेल परिवहन सुविधाओं के विस्तार और यात्रियों की आवाजाही को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है।

'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियानः कांग्रेस की बैठक,उमंग सिंघार ने लोकतंत्र की हत्या और भ्रष्टाचार पर बोला हमला

सतना। जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण एवं शहर) के तत्वाधान में 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत कार्यकर्ताओं की एक विशाल बैठक आयोजित की गई। विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा और शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और अभियान प्रभारी महाराष्ट्र विधायक अमित सुभाषराव झनक उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र की हत्या और वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में हुई वोट चोरी के कारण कांग्रेस को 25 से 30 सीटों का नुकसान हुआ। उन्होंने सतना नगर निगम और स्मार्ट सिटी योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार पर निशाना साधते हुए कहा कि सीवर लाइन बैक फिलिंग में ही 28 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। शहर की खस्ताहाल सड़कों,अधूरी सीवर योजना और वायु प्रदूषण के लिए प्रदेश सरकार जिम्मेदार है।अभियान प्रभारी अमित झनक और विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं से आगामी 1 नवंबर को दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन संजीव अग्रवाल,रमेश द्विवेदी और सिद्धार्थ देव सिंह ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन आरिफ इकबाल सिद्दीकी ने किया। बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बीटीआई मैदान में आज गूंजेगा 'स्वर्णकार गूंज' समारोह

गुरुद्वारा मैदान से निकलेगी महाराजा अजमीढ़ जयंती की भव्य शोभायात्रा

सतना। महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती के अवसर पर स्वर्णकार समाज,सतना द्वारा रविवार, 25 अक्टूबर को भव्य शोभायात्रा एवं 'स्वर्णकार गूंज' समारोह का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा सुबह 10 बजे सिटी कोतवाली के पास स्थित गुरुद्वारा मैदान से निकलेगी और बीटीआई मैदान पहुंचकर समारोह में शामिल होगी। आयोजकों ने इस आयोजन में 11 हजार स्वर्णकार बंधुओं की उपस्थिति का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे महाराजा अजमीढ़ जी की पूजा-अर्चना एवं आरती से होगा। इसके बाद सुबह 10 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। बीटीआई मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में स्वर्णकार समाज की समस्याओं,व्यापारियों के अधिकारों और उनके समाधान के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। स्वर्णकार समाज,सतना के अध्यक्ष कैलाश सोनी,राजा ने समाज के लोगों से सपरिवार शोभायात्रा एवं समारोह में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। समारोह के मुख्य अतिथि बिहार के खगड़िया से लोकसभा सांसद राजेश वर्मा होंगे। अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सांसद एवं लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में विदिशा विधायक मुकेश टंडन, उत्तर प्रदेश के विधायक विनय वर्मा,एकेएस विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति एवं मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अनंत कुमार सोनी,स्वजातीय स्वर्णकार समाज विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी,मैहर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी,मध्य प्रदेश स्वर्णकला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दुर्गेश सोनी,कोतमा के पूर्व विधायक सुनील सराफ, भोपाल विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष कृष्णमोहन सोनी तथा सागर के पूर्व महापौर अभय दरे शामिल होंगे।

मैहर में क्रूरता की हदें पार: होमवर्क न करने पर छठी की छात्रा के खींचे बाल, हाथ में आए बाल लेकर घर पहुंची मासूम



मैहर। शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने वाला एक मामला मैहर के मां शारदा पब्लिक स्कूल,देवी से सामने आया है। कक्षा 6वीं की छात्रा बीर लक्ष्मी आरख (पिता राजाभैया आरख) द्वारा होमवर्क पूरा न करने पर एक शिक्षिका पर बेरहमी से बाल खींचने का आरोप लगाया गया है। परिजनों का रोते हुए कहना है कि मासूम बच्ची स्कूल से अपने उखड़े हुए बाल हाथ में लेकर घर पहुंची,जिसे देख परिवार के आंसू छलक आए। घटना के बाद जब परिजन स्कूल पहुंचे,तो प्रबंधन ने आरोपों से साफ इनकार कर दिया। इस अमानवीय घटना ने स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा और अनुशासन के नाम पर दी जाने वाली प्रताड़ना पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।न्याय के लिए अब परिजन पुलिस की शरण लेने की तैयारी कर रहे हैं।

रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



मैहर। श्रीराम-तुलसी संगम उद्धार महोत्सव के आयोजन को लेकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने मैहर स्थित विधायक कार्यालय में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की एवं पुष्प अर्पित कर रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ यात्रा चित्रकूट धाम में 18नवंबर से 24नवंबर 2026तक आयोजित होने वाले श्रीराम-तुलसी संगम उद्धार महोत्सव के प्रचार-प्रसार एवं जनजागरण के उद्देश्य से निकाली जा रही है।इस महोत्सव का उद्देश्य पवित्र नदियों,संगम क्षेत्र और भारतीय सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस धार्मिक अभियान के माध्यम से आमजन को नदियों की स्वच्छता,पर्यावरण संरक्षण और अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का संदेश दिया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव में सहभागी बनने और नदियों तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण में अपना योगदान देने की अपील की है।

खबर संक्षेप

जन शिक्षा केंद्र कन्या अमानगंज में 856 नव साक्षरों ने दी साक्षरता परीक्षा



अमानगंज। जन शिक्षा केंद्र कन्या अमानगंज अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में जन शिक्षा केंद्र के अंतर्गत कुल 856 नवसाक्षर परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी साक्षरता का मूल्यांकन कराया। परीक्षा के दौरान जन शिक्षक शिवाकांत पांडे एवं साक्षरता समन्वयक संत कुमार कुशवाहा द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्था एवं संचालन का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी ली गई। साक्षरता परीक्षा का उद्देश्य नवसाक्षरों के ज्ञान, पढ़ने-लिखने एवं सीखने की क्षमता का आकलन करना तथा उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत बड़ी संख्या में नवसाक्षरों की सहभागिता साक्षरता अभियान के प्रति जागरूकता एवं उत्साह को दर्शाती है।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में डॉ. अंकित पांडेय एवं रामशरण तिवारी का सराहनीय सहयोग



पवई। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत तीर्थयात्रियों की सहायता एवं सुविधा के लिए डॉ. अंकित पांडेय एवं रामशरण तिवारी ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया। उनकी इस पहल का उद्देश्य तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुगम एवं सुविधाजनक बनाने में योगदान देना रहा। डॉ. अंकित पांडेय एवं रामशरण तिवारी के इस प्रयास को जनसेवा और सामाजिक सहभागिता की भावना से जोड़कर देखा जा रहा है। धार्मिक आस्था से जुड़ी इस योजना में सहयोग देकर उन्होंने तीर्थयात्रियों की सुविधाओं के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का उद्देश्य प्रदेश के पात्र वरिष्ठ नागरिकों को प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा का अवसर उपलब्ध कराना है। ऐसे सहयोगात्मक प्रयास न केवल यात्रियों को सुविधा प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं की भावना को भी मजबूत बनाते हैं।

निःशुल्क नेत्र शिविर में मशीनों से हुई जांच, जरूरतमंदों को बांटे चश्मे



पन्ना। अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में धामी जागनी कार्यसेवक संघ द्वारा श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के संरक्षण में शनिवार, 24 अक्टूबर को निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चले शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर आंखों की जांच कराई। शिविर में आधुनिक मशीनों के माध्यम से विशेषज्ञों ने लोगों की आंखों की जांच की। इस दौरान दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। जांच के बाद चश्मे की आवश्यकता वाले जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए।

देवेंद्रनगर पहुंची नई ट्रेन, रेलमंत्री और मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा और गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा बने रेल यात्री, विंध्य-बुंदेलखंड को मिली रेल कनेक्टिविटी की नई सौगात



इस क्षण के गवाह बने देवेन्द्रनगर एवं ग्रामीणअंचल के लोगों ने देवेन्द्रनगर रेल पहुंचने पर स्वागत किया एवं खुशीर जाहिर की

देवेंद्रनगर। पन्ना जिले के देवेंद्रनगर क्षेत्र के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा। नागौद से देवेंद्रनगर तक रेल सेवा पहुंचने के साथ ही क्षेत्रवासियों का लंबे समय से देखा जा रहा रेल कनेक्टिविटी का सपना साकार होने की दिशा में बड़ा कदम उठा। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर नई मेमू ट्रेन को रवाना किया। इस अवसर पर खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा और गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा भी रेल यात्री बने और ट्रेन में सफर किया नई रेल सेवा शुरू होने से देवेंद्रनगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। सतना, रीवा और पन्ना क्षेत्र के बीच रेल संपर्क मजबूत होने से यात्रियों को रोजगार, शिक्षा, व्यापार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने में सहूलियत मिलेगी। ट्रेन के शुभारंभ को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा आठ कोच वाली मेमू ट्रेन सप्ताह में छह दिन संचालित होगी। रविवार को इसका संचालन नहीं होगा। नियमित रेल सेवा 26 अक्टूबर से शुरू होने की जानकारी दी गई है। इस रेल सेवा को ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना के विस्तार की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा



है कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, रेलवे अधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की सहभागिता रही। नई ट्रेन के देवेंद्रनगर पहुंचने से क्षेत्रवासियों में खुशी देखी गई। लोगों को उम्मीद है कि रेल सेवा के विस्तार से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और देवेंद्रनगर की दूसरे शहरों से कनेक्टिविटी बेहतर होगी। देवेंद्रनगर तक ट्रेन का पहुंचना पन्ना जिले के लिए रेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अब क्षेत्रवासियों को नियमित रेल संचालन शुरू होने का इंतजार है।

मंदिर की शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण, प्रशासन ने मुक्त कराई जमीन

बिरसिंहपुर में श्री सर्वेश्वर नाथ मंदिर की आराजी क्रमांक 641 पर कार्रवाई, राजस्व दल और पुलिस बल की मौजूदगी में हटाया अवैध कब्जा



पवई। ग्राम बिरसिंहपुर स्थित श्री श्री 108 श्री सर्वेश्वर नाथ मंदिर की शासकीय भूमि को प्रशासन ने अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। मंदिर की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे की शिकायत के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया और भूमि को मंदिर के उपयोग के लिए सुरक्षित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंदिर की आराजी क्रमांक 641 की शासकीय भूमि पर राममिलन पिता सदैया चौधरी द्वारा अतिक्रमण किया गया था। मामले में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मौके से अतिक्रमण हटवाया।

एसडीएम और तहसीलदार के निर्देशन में कार्रवाई-

एसडीएम पवई समीक्षा जैन एवं तहसीलदार रत्न राशि पांडेय के निर्देशन में राजस्व दल ने पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। कार्रवाई के बाद संबंधित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर मंदिर के उपयोग के लिए सुरक्षित किया गया। प्रशासन ने मौके पर संबंधित पक्ष को भविष्य में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत भी दी। कार्रवाई के बाद मंदिर की भूमि को सुरक्षित रखने की दिशा में प्रशासन ने कदम उठाया है।



जेके सीमेंट पन्ना द्वारा पुरैना शासकीय विद्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान

बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया जागरूकता का संदेश

अमानगंज। जेके सीमेंट वर्कस, पन्ना द्वारा जागरूकता अभियान के तहत पुरैना विद्यालय में एक विशेष सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा आने वाली पीढ़ी को सड़क नियमों के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाना था।

नुक्कड़ नाटक से सड़क सुरक्षा की सीख

कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने स्वयं बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। नाटक के माध्यम से बच्चों ने दर्शाया कि कैसे छोटी-छोटी लापरवाहीकृजैसे बिना हेलमेट गाड़ी चलाना, सीटबेल्ट न लगाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल करना या तेज गति से गाड़ी चलानाकृकिसी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। बच्चों के इस जीवंत अभिनय ने वहां मौजूद सभी लोगों का ध्यान आकर्षित किया और उन्हें सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

अभिभावकों की सहभागिता और सुरक्षा संकल्प

इस आयोजन में बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों से आग्रह किया गया कि वे स्वयं भी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, क्योंकि बच्चे अपने बड़ों के व्यवहार से ही सीख लेते हैं। जेके सीमेंट प्रबंधन एवं विद्यालय परिवार ने अभिभावकों को बताया कि हेलमेट और सीटबेल्ट का नियमित उपयोग जीवन रक्षा के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

सुरक्षित भविष्य के लिए प्रतिज्ञा

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को सड़क नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। जेके सीमेंट प्रबंधन ने बच्चों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसी सामाजिक व सुरक्षा जागरूकता पहलों को जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

पन्ना जिले में अवैध शराब की बिक्री एवं अवैध अहातों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग





पुलिस अधीक्षक पन्ना को सौंपा ज्ञापन, 15 दिवस में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

पन्ना। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी द्वारा जिला पन्ना के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री, शराब दुकानों के बाहर संचालित अवैध अहातों एवं चखना सेंटरों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक महोदय, जिला पन्ना के नाम थाना प्रभारी रैपुरा के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। संगठन एवं पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि समाज में नशामुक्ति एवं जनजागरण के लिए लंबे समय से अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री तथा शराब दुकानों के आसपास नियम-विरुद्ध तरीके से अहाते एवं चखना सेंटर संचालित होने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं।

ज्ञापन में कहा गया कि शराब दुकानों के आसपास देर रात तक लोगों का जमावड़ा बना रहता है, जिससे आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसी गतिविधियों के कारण क्षेत्र में कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक वातावरण भी प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। संगठन एवं पार्टी ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि पन्ना जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाई जाए, शराब दुकानों के बाहर संचालित अवैध अहातों एवं चखना सेंटरों को तत्काल बंद कराया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले शराब ठेकेदारों एवं अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन के माध्यम से यह भी मांग की गई कि शराब दुकानों के आसपास देर रात तक होने वाले जमावड़े एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाई जाए तथा अवैध शराब के स्रोतों का पता लगाकर कार्रवाई की जाए।



पूनम की चांदनी रात में निकलेगी श्री राज जी महाराज की दिव्य शोभा यात्रा

शरदपूर्णिमा महोत्सव में देशभर से पहुंचे सुंदरसाथ, पांच दिवसीय अखंड जागनी रासलीला का आयोजन

पन्ना। श्री पांच पद्मावतीपुरी धाम पन्ना में अंतरराष्ट्रीय शरदपूर्णिमा महोत्सव के तहत रविवार की मध्यरात्रि श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर के बंगला जी दरबार साहब से श्री राज जी महाराज की दिव्य शोभायात्रा रासमंडल के लिए निकलेगी। रात्रि 12 बजे निकलने वाली शोभायात्रा के रासमंडल पहुंचने के साथ पांच दिवसीय अखंड जागनी रासलीला का आयोजन शुरू होगा। महोत्सव में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों सुंदरसाथ पन्ना पहुंचे हैं।

सद्गुरु धनी देवचंद जी का प्राकट्य उत्सव मना

महोत्सव के अंतर्गत शनिवार की मध्य रात्रि सतगुरु धनी देवचंद जी मंदिर में सद्गुरु देवचंद जी महाराज का प्राकट्य उत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। मंदिर परिसर स्थित ब्रह्म चबूतरे पर भजन-कीर्तन, प्रवचन और आध्यात्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्वानों और कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं।



आवास, भोजन और प्रसाद की व्यवस्था

श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश भाई पटेल व उपाध्यक्ष डीके दबे, प्रबंधक आशीष शर्मा ने बताया कि देश - विदेश से से आए श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन-प्रसाद और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था ट्रस्ट के द्वारा की जा रही है। महोत्सव के दौरान कई श्रद्धालु भी सेवा कार्यों में सहयोग कर रहे हैं। कोई फल वितरित कर रहा है, तो कोई नाश्ते और पेयजल की व्यवस्था में जुटा है। सेवा गतिविधियों के माध्यम से महामति श्री प्राणनाथ जी की वाणी ''सुख शीतल करूं संसार', 'तुम सेवा से पाओगे पार'' का संदेश भी सामने आ रहा है।

बंडा जहरीली शराब हत्याकांड के बाद भी नहीं थम रहा अवैध शराब का कारोबार

पन्ना। रैपुरा में भगवती मानव कल्याण संगठन ने बीती रात्रि पकड़ी अवैध शराब भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं की सजगता से 2 पेटी अवैध शराब पकड़ी गई

पन्ना। रैपुरा में नियम विरुद्ध संचालित रैपुरा ढुकान से 2 व्यक्ति बिना नंबर की मोटरसाइकिल से अवैध शराब सप्लाई कर रहे थे भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना देकर स्टेट



बैंक के पास पकड़ी अवैध शराब दो आरोपी जिनके नाम पप्पू बाल्मीक दूसरा आरोपी

अज्ञात 2 पेटी 1लाल मसाला व 1 पेटी एवं स्थान - स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रैपुरा जिला पन्ना के पास बिना नंबर की मोटरसाइकिल होंडा संगठन के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सबसे बड़ी शराब माफिया सरकारें हैं जो खुद लायसेंस देकर शराब ढुकान का संचालन करती है। परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने के अभियान के तहत अवैध शराब, गांजा, जुआ एवं अन्य नशे के खिलाफ संगठन का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी जनहित एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए इसी प्रकार प्रशासन के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा। नशामुक्त समाज ही स्वस्थ, सुरक्षित एवं संस्कारित राष्ट्र की आधारशिला है।

खबर संक्षेप

न अनुमति, न सूचना, रातों-रात सरकारी क्वार्टर पर चला जेसीबी का पंजा!



छतरपुर। जिले की सटई नगर परिषद में सरकारी संपत्ति को रातों-रात ढहाने का मामला सामने आया है। शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में डॉक्टरों के लिए बने सरकारी क्वार्टर को कथित तौर पर जेसीबी से जमींदोज कर दिया गया। हैरानी की बात यह है कि भवन में नए डॉक्टर को रहने के लिए साफ-सफाई, पुताई और बिजली वायरिंग का काम चल रहा था। नगर परिषद सीएमओ रामस्वरूप अवस्थी ने कहा कि क्वार्टर किसने और किसके आदेश पर गिराया, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ को भी इसकी सूचना नहीं मिलने की बात सामने आई है। स्थानीय स्तर पर नगर परिषद अध्यक्ष के पति के कथित निर्देश पर भवन गिराने की चर्चा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अब सवाल उठ रहे हैं कि आखिर सरकारी भवन गिराने की अनुमति किसने दी और इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?।

रेल्वे ट्रैक के किनारे मिला सड़ा-गला शव, शरीर पर रेंग रहे थे कीड़े



छतरपुर। छतरपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सुल्लेरन पुरवा में रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की स्थिति देखकर आशंका जताई जा रही है कि यह करीब एक सप्ताह पुराना है। कई दिनों तक पड़े रहने के कारण शव पूरी तरह काला पड़ चुका था और उसमें कीड़े लग चुके थे। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर सिविल लाइन थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों के आधार पर मृतक की पहचान कराने और मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

17 साल से फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



बड़ामलहरा। थाना पुलिस ने 17 वर्ष पुराने मामले में फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़ा गया आरोपी वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत वर्ष 2009 से फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार, लंबे समय से चकमा दे रहे आरोपी बड्डा अहिरवार पिता हल्का अहिरवार, निवासी ग्राम मनकारी की लगातार तलाश की जा रही थी। मुखबिर तंत्र और पुलिस टीम के सक्रिय प्रयासों के बाद आरोपी को घेराबंदी कर धर दबोचा गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने विधिवत वैधानिक औपचारिकताएं पूर्ण कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

युवक को सांप ने डसा



छतरपुर। जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पलयन पुरवा में खेत पर मूंगफली की तुड़ाई कर रहे एक 40 वर्षीय किसान को जहरीले सांप ने डस लिया। सर्पदंश के बाद परिजन पहले उसे अंधविश्वास के चलते झाड़-फूंक कराने ले गए, लेकिन स्थिति में सुधार न होने पर उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पलयन पुरवा निवासी सुरेश पटेल उम्र 40 वर्ष अपने खेत पर मूंगफली तोडने का कार्य कर रहे थे।

महेबा हेड मास्टर निलंबित, सीएसी और तीन प्राथमिक शिक्षकों को नोटिस

छतरपुर। कलेक्टर मृणाल मीना द्वारा 23 अक्टूबर को किए गए शासकीय कन्या प्राथमिक शाला महेवा के आकस्मिक निरीक्षण में शैक्षणिक गतिविधियों और विद्यालय की व्यवस्थाओं में गंभीर कमियां सामने आईं। विद्यार्थियों की वास्तविक दक्षताओं और स्नरुह ट्रैकर में दर्ज जानकारी में अंतर मिलने के साथ मध्यान्ह भोजन एवं साफ-सफाई की व्यवस्था भी असंतोषजनक पाई गई। ततसमय कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे, इसके बाद शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक छिमाधर अहिरवार को निलंबित कर दिया है।

पार्किंग गायब सड़क पर कब्जा

लवकुशनगर एसबीआई बैंक के बाहर जाम का झाम, जनता परेशान



लवकुशनगर। नगर के व्यस्ततम महोबा रोड पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के बाहर पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। बैंक में रोजाना अपने कामकाज के लिए आने वाले उपभोक्ताओं के वाहन सड़क किनारे खड़े होने से मार्ग पर आवागमन में परेशानी पैदा हो रही है। हालात ऐसे बन जाते हैं कि सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और वाहन चालकों को निकलने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है। इस अव्यवस्था से आम नागरिकों, राहगीरों और आसपास के दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बैंक खुलते ही सड़क पर लग जाता है वाहनों का जमावड़ा -

महोबा रोड लवकुशनगर का प्रमुख व्यापारिक मार्ग है। यहां दिनभर लोगों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में बैंक के बाहर दोपहिया और चारपहिया वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से यातायात का दबाव बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक बैंक खुलने के बाद से ही सड़क किनारे वाहनों की कतारें लगने लगती हैं और कई बार जाम जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है। इससे आम वाहन चालकों को परेशानी होती है और सड़क से गुजरने वाले लोगों को भी संभलकर निकलना पड़ता है।

पार्किंग की व्यवस्था नहीं उपभोक्ता कहां खड़े करें वाहन? -

बैंक आने वाले उपभोक्ताओं के सामने भी वाहन खड़े करने की समस्या है। पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिलने के कारण लोग सड़क किनारे वाहन खड़े करने को मजबूर हैं। हालांकि सड़क पर वाहनों का जमावड़ा दूसरे राहगीरों के लिए मुसीबत बन रहा है। ऐसे में बैंक प्रबंधन को पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए उचित व्यवस्था करने की जरूरत है।

बैंक के आसपास कारोबार करने वाले दुकानदारों को भी सड़क पर खड़े वाहनों से परेशानी होने की बात सामने आ रही है। दुकानों के सामने वाहन खड़े होने से ग्राहकों के आने-जाने में बाधा उत्पन्न होती है। वहीं, सड़क पर जगह कम होने से पैदल चलने वालों और अन्य वाहन चालकों को भी परेशानी होती है।

व्यस्त मार्ग पर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विशेषकर भीड़भाड़ के समय स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और पैदल राहगीरों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ती है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि बैंक के बाहर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। वाहनों की पार्किंग के लिए उचित स्थान निर्धारित किया जाए और सड़क पर आवागमन बाधित करने वाले वाहनों को व्यवस्थित कराया जाए।



सड़कों पर हाथ ठेले और फुटपाथ पर दुकानें लगाने वालों को टीआई ने दी हिदायत

यातायात व्यवस्था सुधारने की पहल, नियम नहीं मानने पर होगी चालानी कार्रवाई

हरपालपुर। नगर में अतिक्रमण के चलते यातायात व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है। नगर के प्रमुख चौराहों और सड़कों पर हाथ ठेले, फल-सब्जी की दुकानें तथा फुटपाथ पर लगने वाली दुकानों के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर के हरिहर रोड, पुरानी गल्ला मंडी और लहचुरा रोड पर फल-सब्जी के ठेले तथा सड़क किनारे लगने वाली दुकानों के कारण यातायात बाधित होता है। कई बार जाम इतना लंबा हो जाता है कि लोगों को निकलने में काफी समय लग जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण के कारण आवागमन में परेशानी होती है। वहीं, बड़े वाहनों के निकलने के दौरान हादसे की आशंका भी बनी रहती है।

इसी समस्या को देखते हुए शुक्रवार शाम हरपालपुर थाना प्रभारी नितिन शर्मा पुलिस बल के साथ नगर के प्रमुख चौराहों और सड़कों पर पैदल भ्रमण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सड़क किनारे हाथ ठेले लगाने वाले फल-सब्जी विक्रेताओं और फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को सख्त हिदायत दी। टीआई ने दुकानदारों से अपनी दुकानें सड़क से हटाकर निर्धारित स्थान के अंदर लगाने तथा आवागमन के लिए पर्याप्त जगह छोडने को कहा। थाना प्रभारी नितिन शर्मा ने स्पष्ट किया कि नगर में जाम की स्थिति बनने से रोकने और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समझाइश के बाद भी सड़क और चौराहों पर दुकानें लगाई गईं, तो नगर पालिका अमले के सहयोग से संबंधित लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य नगर में यातायात व्यवस्था बेहतर बनाना और आम नागरिकों को जाम की समस्या से राहत दिलाना है।

छतरपुर के रिहायशी इलाके में मिला पटाखों का भारी जखीरा, पुलिस जांच में जुटी



छतरपुर। दीपावली पर्व से पहले छतरपुर शहर के घनी आबादी वाले इलाके में भारी मात्रा में पटाखों के अवैध भंडारण का मामला सामने आने से सनसनी फैल गई है। शहर के बाईपास रोड पर स्थित संदीप ट्रांसपोर्ट के गोदाम में पटाखों का बड़ा जखीरा रखे होने की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस ने मौके पर दबिश दी। थाना प्रभारी सतीश सिंह के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने गोदाम को अपने घेरे में लेकर आतिशबाजी के परिवहन और भंडारण से संबंधित वैध दस्तावेजों की पड़ताल शुरू कर दी है। रिहायशी बस्ती के बेहद करीब ज्वलनशील सामग्री की इतनी बड़ी खेप मिलने के बाद पुलिस ने गोदाम को सील करने की वैधानिक प्रक्रिया तेज कर दी है।प्राथमिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि पटाखों की यह बड़ी खेप ग्वालियर से ट्रक के माध्यम से छतरपुर भेजी गई थी। मामले में प्रभात गुप्ता, प्रतीक रावत और प्रेमचंद गुप्ता के नाम सामने आ रहे हैं। प्रारंभिक पड़ताल के अनुसार, ट्रांसपोर्ट के जरिए यह कंसाइनमेंट प्रतीक रावत के नाम से बुक होकर आया था। हालांकि, गोदाम के अंदर कुल कितने कार्टन और कितनी मात्रा में बारूद व पटाखे मौजूद हैं, इसकी सटीक गणना और अधिकृत पुष्टि दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही हो सकेगी।जानकारी के अनुसार, जिस परिसर में यह आतिशबाजी डंप की गई थी, वह भवन विनोद कुशवाहा के स्वामित्व का है। इस भवन को बृजेश वर्मा ने किराए पर ले रखा था और वे यहां संदीप ट्रांसपोर्ट के नाम से माल ढुलाई व भंडारण का कार्य संचालित करते हैं। रिहायशी क्षेत्र के नजदीक स्थित इस ट्रांसपोर्ट गोदाम में बिना सुरक्षा इंतजामों और आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के विस्फोटक सामग्री रखे जाने से आसपास के लोगों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा था। शहर के बीचों-बीच विस्फोटक अधिनियम के संभावित उल्लंघन को देखते हुए सिटी कोतवाली पुलिस बेहद सतर्कता बरत रही है। थाना प्रभारी सतीश सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्पष्ट किया कि ज्वलनशील सामग्री के सुरक्षित परिवहन, वैध ई-वे बिल और जिला प्रशासन से भंडारण की अनुमति से जुड़े सभी कागजात मांगे गए हैं। सुरक्षा मानकों की अनदेखी और घनी आबादी में जोखिम को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा गोदाम को विधिवत सील करने की कार्रवाई की जा रही है।

दिनदहाड़े गल्ला व्यापारी की दुकान से गुल्लक पार, 1 लाख से अधिक कैश लेकर फरार



दो दिन पहले महिला से चेन स्नेचिंग के बाद फिर बड़ी वारदात

नौगांव/छतरपुर। नगर में लगातार सामने आ रही लूट और चोरी की घटनाओं से व्यापारियों और आम नागरिकों में डर व चिंता का माहौल है। शनिवार दोपहर करीब 3 बजे गल्ला मंडी क्षेत्र स्थित अर्जुन पैलेस के पास बेखौफ बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात युवक गल्ला व्यापारी की दुकान से नकदी से भरी गुल्लक उठाकर रफूचक्कर हो गए। व्यापारी के अनुसार, गुल्लक में एक लाख रुपये से अधिक की नकदी रखी हुई थी।

घटना के संबंध में गल्ला व्यापारी बालादीन यादव ने बताया कि शनिवार दोपहर वे अपनी दुकान पर बैठे हुए थे, तभी बाइक सवार दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे। जब व्यापारी ने उनसे आने का कारण पूछा, तो युवकों ने बहाना बनाते हुए कहा कि उनका अनाज आने वाला है जिसे वे बेचना चाहते हैं। व्यापारी जैसे ही उनकी बात सुनकर अपने काम में व्यस्त हुए, बदमाशों ने मौका पाकर दुकान में रखी नकदी से भरी गुल्लक उठा ली और तेज रफ्तार बाइक से फरार हो गए। जब तक व्यापारी कुछ समझ पाते और शोर मचाकर आसपास के लोगों को इक_ा करते, आरोपी आंखों से ओझल हो चुके थे।

महिला से चेन स्नेचिंग के बाद फिर वारदात

नगर में कानून-व्यवस्था पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं क्योंकि महज दो दिन पहले भी बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली थी। इस घटना के सुलझने से पहले ही गल्ला व्यापारी के साथ हुई इस वारदात ने पुलिस गश्त और सुरक्षा दावों की पोल खोलकर रख दी है।

व्यापारियों ने जताया आक्रोश, पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

दिनदहाड़े हुई इस चोरी के बाद स्थानीय व्यापारियों और नगरवासियों में भारी गुस्सा है। व्यापारियों का कहना है कि मुख्य बाजार और व्यापारिक क्षेत्रों में सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। स्थानीय लोगों और व्यापारिक संगठनों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि बाजार क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की जल्द पहचान की जाए और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो। अब देखना यह होगा कि पुलिस इन बेखौफ बदमाशों तक कब तक पहुंच पाती है और व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा दिला पाती है।



छतरपुर से श्रवण बेलगोला के लिए रवाना हुए 113 तीर्थयात्री

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत छतरपुर से विशेष ट्रेन रवाना

छतरपुर।

मध्य प्रदेश शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के तत्वावधान में संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत छतरपुर जिले के 113 वरिष्ठ तीर्थयात्री कर्नाटक स्थित प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल श्रवण बेलगोला की यात्रा के लिए रवाना हुए। यात्रा 24 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित की गई है। श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए दल के साथ दो अनुरक्षक भी भेजे गए हैं।

तीर्थयात्रियों की रवानगी के अवसर पर रेलवे स्टेशन पर छतरपुर विधायक ललिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री और नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने संयुक्त रूप से सभी श्रद्धालुओं का फूलमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया तथा उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। इस तीर्थ यात्रा के लिए विशेष रूप से भारत गौरव स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है, जिसमें तीर्थयात्रियों के भोजन, आवास और दर्शन की सुव्यवस्थित व्यवस्था शासन स्तर पर की गई है। जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद ट्रेन तीर्थयात्रियों को लेकर गंतव्य के लिए रवाना हुई।

घुवारा सीएचसी में प्रसूता के इलाज में लापरवाही के आरोप, गर्भ में नवजात की मौत से मचा हड़कंप



परिजनों ने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ पर लगाए गंभीर आरोप; जांच और कार्रवाई की मांग

घुवारा। घुवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के दौरान कथित लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। रामटौरिया निवासी 21 वर्षीय चंदा लोधी को 17 अक्टूबर 2026 की रात करीब 10:45 बजे प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि करीब 20 घंटे तक महिला दर्द से तड़पती रही, लेकिन उसे समुचित उपचार नहीं मिला और केवल एक गोली देकर छोड़ दिया गया। परिजनों के मुताबिक, बार-बार अनुरोध करने के बावजूद समय पर उपचार नहीं मिलने पर वे महिला को निजी वाहन से टीकमगढ़ के वसुंधरा हॉस्पिटल ले गए, जहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन किया। इस दौरान मां की जान तो बच गई, लेकिन नवजात की गर्भ में ही मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि महिला अभी भी अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

मामले को लेकर परिजनों ने ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका दावा है कि घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने पर वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। परिवार और ग्रामीणों ने कलेक्टर, सीएमएचओ तथा बीएमओ से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को उचित सहायता दिलाने की मांग की है।

परिजनों ने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं और उपकरणों की स्थिति की भी जांच कराने की मांग की है। वहीं, इस संबंध में बीएमओ घुवारा और अस्पताल प्रबंधन से पक्ष जानने का प्रयास किए जाने की बात कही गई है, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। फिलहाल मामले में आधिकारिक जांच और प्रशासनिक पक्ष सामने आना बाकी है।

विंध्य में विकास के नए युग का शुभारंभ, मुख्यमंत्री और केंद्रीय रेल मंत्री वर्चुअल माध्यम से हुए शामिल

आजादी के बाद सीधी के रामपुर नैकिन-चुरहट क्षेत्र में पहली बार पहुंची रेल

सतना-देवेंद्र नगर एवं रीवा-चुरहट रेलखंडों का लोकार्पण, देवेंद्रनगर-चुरहट ट्रेन सेवा का शुभारंभ

दिसंबर 2026 तक सीधी और 2028 तक सिंगरौली तक रेल लाइन पूर्ण करने का लक्ष्य

रीवा।

विंध्य क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार की दिशा में 24 अक्टूबर का दिन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सामने आया। सीधी जिले के रामपुर नैकिन-चुरहट क्षेत्र में पहली बार रेल पहुंचने से स्थानीय लोगों का लंबे समय से देखा जा रहा सपना साकार हुआ। सतना-देवेंद्रनगर के 53 किलोमीटर और रीवा-चुरहट के 65 किलोमीटर लंबे रेलखंडों का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही देवेंद्रनगर-चुरहट ट्रेन सेवा का शुभारंभ हुआ। इस पहल से अब तक रेल सुविधा से वंचित रहे क्षेत्र के लोगों को आवागमन का नया विकल्प मिलेगा। साथ ही व्यापार, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा और रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। चुरहट में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और रेलवे के अधिकारी उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री ने कहा कि विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं। रेल संपर्क से आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और क्षेत्र की विकास संबंधी संभावनाओं का विस्तार होगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मध्य प्रदेश में नई रेल लाइनों के निर्माण और मौजूदा रेलमार्गों के दोहरीकरण से जुड़ी परियोजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन, कटनी-सिंगरौली रेलखंड के दोहरीकरण और रीवा-सतना रेलखंड के दोहरीकरण का जिक्र करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से भविष्य में लंबी दूरी की ट्रेनों और मेमू सेवाओं के संचालन की संभावनाएं बढ़ेंगी। रेल मंत्री के अनुसार, प्रदेश के 80 रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं









के विस्तार और आधुनिकीकरण का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे परियोजनाओं के विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान दिया जा रहा है। परियोजनाओं के दौरान जितने पेड़ काटे जाएंगे, उनकी तुलना में चार गुना पौधारोपण किया जाएगा। चुरहट में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, चुरहट के पूर्व विधायक शरदेंदु तिवारी, देव कुमार सिंह चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कलेक्टर विकास मिश्रा, पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौम्या आनंद तथा विभिन्न विभागों और रेलवे के अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

2016 में रखी गई थी नींव

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि वर्ष 2016 में तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने जिस परियोजना की नींव रखी थी, वह अब धरातल पर आकार ले रही है। उन्होंने कहा कि रीवा, सीधी और सिंगरौली को रेलमार्ग से जोड़ने की दिशा में हुई प्रगति क्षेत्र के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है। रेल कनेक्टिविटी से विंध्य की औद्योगिक क्षमता को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा।रेल परियोजना को लेकर निर्धारित लक्ष्य के अनुसार दिसंबर 2026 तक रेल लाइन को सीधी और वर्ष 2028 तक सिंगरौली तक पूर्ण करने की योजना है। सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि लंबे इंतजार और निरंतर प्रयासों के बाद क्षेत्र को यह उपलब्धि मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि रेल सुविधा बढ़ने से स्थानीय लोगों को यात्रा में सहूलियत मिलेगी और व्यापार, रोजगार तथा शिक्षा के नए अवसर विकसित होंगे।ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना के पूर्ण होने से विंध्य क्षेत्र का संपर्क व्यापक रेल नेटवर्क से मजबूत होगा। इससे यात्रियों के साथ-साथ माल परिवहन को भी लाभ मिलने की संभावना है। हालांकि, परियोजना के अगले चरणों की समय-सीमा के अनुरूप काम पूरा होना क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

खनिज और सीमेंट उद्योगों को मिलेगा परिवहन का नया विकल्प

विंध्य क्षेत्र चूना पत्थर, सीमेंट उद्योग और अन्य खनिज संसाधनों के लिए जाना जाता है। रीवा और सतना में सीमेंट उद्योगों की मौजूदगी तथा सिंगरौली में ऊर्जा उत्पादन से जुड़ी गतिविधियों को देखते हुए रेलमार्ग का विस्तार माल परिवहन के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए औद्योगिक, पर्यटन और कृषि गतिविधियों का विस्तार जरूरी है। इसके लिए मजबूत आधारभूत ढांचा आवश्यक होता है। रीवा-सीधी-सिंगरौली रेल लाइन के साथ रीवा-सीधी और सीधी-सिंगरौली फोरलेन सड़क परियोजनाओं पर भी काम किया जा रहा है। बेहतर परिवहन सुविधाओं से औद्योगिक इकाइयों को कच्चे माल और तैयार उत्पादों की आवाजाही में सहूलियत मिल सकती है।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी रेल परियोजना को विंध्य और बुंदेलखंड के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे ऊर्जा और उद्योगों को जोड़ने में मदद मिलेगी। उनके अनुसार, रेल नेटवर्क का विस्तार क्षेत्र को औद्योगिक गतिविधियों के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की संभावनाएं बढ़ाएगा।

किसानों से लेकर युवाओं तक को मिल सकती है राहत

रेल कनेक्टिविटी का लाभ केवल लंबी दूरी की यात्रा तक सीमित नहीं रहेगा। बेहतर रेल संपर्क से किसानों को अपनी उपज बड़े बाजारों तक पहुंचाने में सुविधा मिल सकती है। स्थानीय व्यापारियों के लिए माल की आवाजाही के नए विकल्प उपलब्ध होंगे, जबकि विद्यार्थियों और नौकरी की तलाश में दूसरे शहरों की यात्रा करने वाले युवाओं को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि रेल संपर्क के विस्तार से क्षेत्र के औद्योगिक और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। चूना पत्थर, सीमेंट, क्लिंकर तथा अन्य माल के परिवहन में रेलमार्ग उपयोगी हो सकता है।

विंध्य में रेल, सड़क और हवाई संपर्क के विस्तार पर जोर

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि विंध्य क्षेत्र में रेल, सड़क और हवाई कनेक्टिविटी का विस्तार विकास की नई संभावनाएं पैदा कर रहा है। उन्होंने रीवा हवाई अड्डे का उल्लेख करते हुए कहा कि हवाई सेवाओं के विस्तार से क्षेत्र के लोगों को आवागमन के नए विकल्प मिले हैं। बेहतर परिवहन नेटवर्क से निवेश, उद्योग और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में रेल विकास की कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। उनके अनुसार, प्रदेश में 1.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाएं प्रगतिरत हैं। रेल संपर्क बढ़ने से किसानों, उद्योगों, युवाओं और आम नागरिकों को लाभ मिलेगा तथा स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच आसान होगी।

पहली बार रेल सेवा शुरू होने से क्षेत्रवासियों में उत्साह

उप मुख्यमंत्री, रीवा और सीधी सांसदों ने पहली ट्रेन में आम यात्रियों के साथ लिया सफर का आनंद





रीवा। सीधी जिले के रामपुर नैकिन-चुरहट क्षेत्र में पहली बार रेल सेवा शुरू होने के अवसर पर उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। देवेंद्रनगर-चुरहट ट्रेन सेवा के शुभारंभ के बाद उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा, सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, चुरहट के पूर्व विधायक शरदेंदु तिवारी, देव कुमार सिंह चैहान ने आम नागरिकों के साथ चुरहट से गोविंदगढ़ तक ट्रेन में यात्रा की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रवासियों के साथ रेल सेवा शुरू होने की खुशी साझा की। वर्षों से रेल कनेक्टिविटी की प्रतीक्षा कर रहे क्षेत्र के लोगों के लिए यह यात्रा विशेष महत्व रखती है। पहली बार अपने क्षेत्र में ट्रेन का संचालन होते देख आम नागरिकों, विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह रहा। रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन के पहुंचने के दौरान लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विभिन्न स्टेशनों पर मौजूद नागरिकों ने इस नई सुविधा को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। नई रेल सेवा शुरू होने से विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और आम नागरिकों को आवागमन का अतिरिक्त विकल्प मिला है। विद्यार्थियों के लिए शिक्षा से जुड़े केंद्रों तक पहुंचना अधिक सुविधाजनक होने की उम्मीद है। वहीं, नौकरी और व्यवसाय के सिलसिले में यात्रा करने वाले लोगों को भी लाभ मिलेगा। चुरहट से गोविंदगढ़ तक यात्रा के दौरान ट्रेन के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर पहुंचने पर लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। रेल संपर्क बढ़ने से व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के अवसरों तक पहुंच आसान होने की उम्मीद है। बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय बाजार, परिवहन सेवाओं और पर्यटन गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। देवेंद्रनगर-चुरहट ट्रेन सेवा का शुभारंभ क्षेत्रवासियों के लिए ऐतिहासिक अवसर रहा। जनप्रतिनिधियों ने आम नागरिकों के साथ यात्रा कर इस उपलब्धि की खुशी साझा की, वहीं रेलवे स्टेशनों पर लोगों का उत्साह इस नई सुविधा के प्रति उनकी अपेक्षाओं को दर्शाता रहा।

आरक्षक पीयूष मिश्रा की मौत, दो दिन तक जिंदगी से जंग लड़ने के बाद तोड़ा दम

पुलिस लाइन के पास घर में जहरीले पदार्थ का किया था सेवन, घटना के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

रीवा। शहर के विश्वविद्यालय थाने में पदस्थ आरक्षक पीयूष मिश्रा की शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। दो दिन पहले उन्होंने पुलिस लाइन के समीप स्थित अपने घर में अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती आरक्षक का उपचार चल रहा था। शुक्रवार दोपहर उन्हें होश आने के बाद स्वास्थ्य में सुधार की उम्मीद जगी थी, लेकिन देर रात उनकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, आरक्षक पीयूष मिश्रा ने दो दिन पहले अपने निजी निवास पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया



था। घटना के बाद उन्हें गंभीर हालत में संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी था। शुक्रवार दोपहर उन्हें होश आया तो उनके स्वास्थ्य में सुधार की उम्मीद जताई गई, लेकिन देर रात उनकी हालत संभल नहीं सकी और उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। आरक्षक पीयूष मिश्रा ने किन परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन किया, इसका पता फिलहाल नहीं चल सका है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। उनके इस कदम के पीछे किसी तरह का दबाव, व्यक्तिगत परेशानी या अन्य वजह थी या नहीं, इसे लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। पीयूष मिश्रा को पुलिस विभाग में तेज-तर्रार आरक्षक के रूप में जाना जाता था। उनके असमय निधन से पुलिस महकमे में शोक का माहौल है। एक सक्रिय पुलिसकर्मी की इस तरह मौत होने से सहकर्मियों और परिचितों में दुख है। फिलहाल पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

नगर निगम की पेयजल योजना से कोर्ट परिसर में शुरू होगी आपूर्ति

रीवा । नगर पालिक निगम रीवा द्वारा कोर्ट परिसर में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। नगर निगम की पेयजल योजना को कोर्ट परिसर में निर्मित संपवेल (ग्राउंड लेवल टैंक) से जोड़ा गया है। इस व्यवस्था के तहत नगर निगम के ओवरहेड टैंक से पानी पहले संपवेल तक पहुंचेगा, जिसके बाद कोर्ट परिसर की छतों पर स्थापित टंकियों में जलापूर्ति की जाएगी। लगभग 5 लाख लीटर क्षमता वाले संपवेल के माध्यम से कोर्ट परिसर में नगर निगम द्वारा उपचारित मीठे पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है। इससे परिसर में बोरवेल के पानी पर निर्भरता कम होगी तथा यहां स्थित कार्यालयों और आने वाले लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में सुविधा मिलेगी। इस नवीन जलापूर्ति व्यवस्था का लोकार्पण उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा किया गया। नगर निगम की इस पहल से कोर्ट परिसर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाने में मदद मिलेगी।

दिनदहाड़े 14 वर्षीय छात्रा का अपहरण, एक घंटे में सकुशल बरामद, बोलेरो से पहुंचे चार नकाबपोश बदमाशों ने छात्रा को जबरन गाड़ी में बैठाया

पुलिस की घेराबंदी देख छोड़कर भागे, आरोपियों की तलाश में जुटी टीमें

रीवा।

शहर में दिनदहाड़े 14 वर्षीय छात्रा के अपहरण की घटना से हड़कंप मच गया। बिछिया थाना क्षेत्र में स्कूल से घर लौट रही छात्रा को बोलेरो सवार चार नकाबपोश बदमाशों नेजबरन गाड़ी में बैठा लिया और मौके से फरार हो गए। व्यस्त इलाके में हुई इस वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई। छात्रा के अपहरण की खबर से परिजन भी बदहवास हो गए। हालांकि, पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर शहर के प्रमुख रास्तों पर निगरानी बढ़ाई।

पुलिस की कार्रवाई और पकड़े जाने के डर से अपहरणकर्ता छात्रा को चिरहुला के समीप रास्ते में छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने घटना के करीब एक घंटे के भीतर छात्रा को सकुशल बरामद कर लिया। फिलहाल आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना बिछिया थाना क्षेत्र में विवेकानंद स्कूल के पास की है,जानकारी के मुताबिक 14 वर्षीय छात्रा स्कूल की छुट्टी होने के बाद घर लौट रही थी। इसी दौरान एक बोलेरो वाहन वहां आकर रुका।

परिचितों पर संदेह, रंजिश के पहलू की भी जांच

इस मामले में परिजनों की ओर से एक अहम आशंका जताई गई है। उनके मुताबिक, छात्रा को अगवा करने वाले लोग बाहरी नहीं, बल्कि स्थानीय और परिवार के जान-पहचान के हो सकते हैं। आशंका है कि किसी पुरानी रंजिश अथवा अन्य विवाद के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया हो। अब बिछिया पुलिस और साइबर सेल की टीमें फरार आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस घटना से जुड़े प्रत्येक पहलू की जांच कर रही है।

आरोप है कि वाहन में सवार चार नकाबपोश बदमाशों ने छात्रा को जबरन पकड़कर गाड़ी में बैठा लिया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से छात्रा घबरा गई और खुद को बचाने के लिए शोर मचाने लगी। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के दौरान आसपास मौजूद लोगों में भी अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भावना मरावी के नेतृत्व में बिछिया थाना, समान थाना और साइबर सेल की टीमों को सक्रिय किया गया। पुलिस ने संभावित रास्तों पर निगरानी बढ़ाते हुए शहर के प्रमुख निकास मार्गों और अंदरूनी सड़कों पर घेराबंदी की। बोलेरो वाहन की तलाश के लिए अलग-अलग टीमों को लगाया गया, ताकि अपहरणकर्ताओं के भागने के रास्तों को बंद किया जा सके। पुलिस की बढ़ती सक्रियता और चारों ओर से घिरने की आशंका के बीच आरोपियों ने छात्रा को चिरहुला के समीप रास्ते में छोड़ दिया और बोलेरो लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने छात्रा को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। इस तरह घटना के करीब एक घंटे के भीतर छात्रा की बरामदगी हो गई।

जिले की सहकारी समितियों में डीएपी खाद की कीमत पर भारी भ्रष्टाचार का किसानों ने लगाया आरोप

किसानों को फसल बीमा योजना का फॉर्म भरने पर ही दी जा रही है खाद

खाद की बोरी में अंकित है 1450 रुपए और किसानों से 2100 रुपए का लिया जा रहा है चेक

मऊगंज

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 2026 कृषक कल्याण वर्ष के लिए के रूप में मनाया जा रहा है और किसानों के कल्याण के लिए नई-नई योजनाएं संचालित की जा रही हैं किंतु जिले की सहकारी समितियों में डीएपी खाद में भारी भ्रष्टाचार का आरोप किसानों द्वारा लगाया गया है किसानों ने बताया कि जून जुलाई



माह में डीएपी खाद की कीमत अलग-अलग सहकारी समितियां में 2100 और 2450 रुपए की कीमत में किसानों को दी गई है इसी तरह सितम्बर-अक्टूबर माह में ई टोकन में 1350 रुपए प्रति बोरी की दर से दिखाया जा रहा है और सहकारी समिति द्वारा 2100 प्रति बोरी का चेक लिया जा रहा है

जबकि प्रति बोरी 1450 रुपए अंकित है इसी तरह सरकारी समितियां में किसानों से फसल बीमा योजना का फॉर्म भरने में ही खाद दी जा रही है जबकि फसल बीमा योजना सरकार द्वारा ऐच्छिक कर दिया गया है

किसानो ने कलेक्टर मऊगंज राजेश कुमार ओगरे से मांग की है कि सहकारी समितियों द्वारा खाद की कीमतों में किये जा रहे भ्रष्टाचार की जांच किए जाने और 1450 रुपए प्रति बोरी की खाद की कीमत का 2100 रुपए प्रति बोरी का किसानों से चेक लेने वाले और जबरदस्ती फसल बीमा योजना का फॉर्म भरवाने वाले दोषी कर्मचारियों को दंडित किया जाए।

रामपुर में इंटीग्रेटेड स्वास्थ्य शिविर हुआ आयोजन

138 हितग्राहियों को मिला स्वास्थ्य लाभ

मऊगंज। जिले के जनपद पंचायत मऊगंज की ग्राम पंचायत रामपुर मेआज मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण भोपाल के द्वारा प्रायोजित और डॉ सुधाकर पांडेय मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी जिला रीवा के निर्देसानुसर् ,डॉ अनुराग शर्मा नोडल आफिसर एड्स नियंत्रण इकाई रीवा, डॉ एस डी कोल सी बी एम ओ मऊगंज के मार्गदर्शन में इंटीग्रेटेड स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

स्वास्थ्य शिविर मे138 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ शिविर में डॉ सुमन सिंह नाग, डॉ आर डी सकेत,द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया यह स्वास्थ्य शिविर संपूर्ण सुरक्षा केंद्र मेडिकल कॉलेज रीवा तथा डीएलएनटीआई रीवा के संयुक्त तत्वाधान में किया गया स्वास्थ्य शिविर में 78 एच आई व्ही वी/वीडीआर एल, हेपेटाइटिस बी , सी तथा 64 मरीजो का बी पी तथा 52 मरीजों की शुगर जांच की गई, मलेरिया



जांच 22,तथा 05 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया 32 लोगों का स्पुटम जांच हेतु कलेक्ट किया गया एसएस के मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा द्वारा एचआईवी के चार कारण बचाव व उपचार के साथ-साथ 2017 एक्ट के बारे में बताया गया, तथा एस टी आई के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा टीवी की स्क्रीनिंग के साथ-साथ टीवी के बारे में जानकारी दी गई इस शिविर में डॉ सुमन सिंह नाग, डॉ आर डी साकेत, सेक्टर सुपरवाइजर अशोक द्विवेदी, एलटी सुनील कुमार मिश्रा, एस एस के मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा, काउंसलर अनिरुद्ध सिंह, सीएचओ सुनील पाटीदार,सीएचओ नीलेश पटेल, एएनएम विमल तिवारी, ए एन एम अभिशिक्ता परास्ते, ए एन एम अरुणा तिवारी, ए एन एम अल्का मिश्रा, काउंसलर आंचल मिश्रा ,आशा पर्यवेक्षक सविता तिवारी,ओआरडब्ल्यू देवेंद्र विश्वकर्मा ,सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सभी आशा उपस्थित रहकर स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया।